# मॉरीशस हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण

स्रोत: द हिंदू

भारतीय नौसेना ने मॉरीशस के 25,000 वर्ग समुद्री मील का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है।

- **हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण: INS सर्वेक्षक** द्वारा हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण (समुद्र तल और उप-सतही विशेषताओं का मानचित्रण) पूरा कर लिया गया है जिससे मॉरीशस को समुद्री अवसंरचना, संसाधन प्रबंधन तथा तटीय योजना को उन्नत बनाने के लिये **आँकड़े उपलब्ध** हुए हैं।
  - यह आयोजन समुद्री विकास एवं क्षेत्रीय सहयोग को **बढ़ावा देने में भारत तथा मॉरीशस** के बीच स्थायी साझेदारी को रेखांकित करता है।
  - भारतीय नौसेना क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (SAGAR) पहल के भाग के रूप में नियमित रूप से देशों को उनके **विशेष आर्थिक क्षेत्रों (EEZ) के हाइड्रोग्राफिक** सर्वेक्षण में सहायता करती है।
  - भारत ने हिंद महासागर में तटीय देशों को दी जाने वाली क्षमता निर्माण सहायता में वृद्धि कर दी है। **विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस (प्रतिवर्ष 21 जून)** पर भारतीय नौसेना ने मित्र देशों के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने पर ज़ोर दिया, **जिसमें पाँच वर्षों में 89,000 वर्ग किलोमीटर को कवर** किया गया और **96 चार्ट तैयार** किये गए।
- **भारत-मॉरीशस रक्षा सहयोग:** इसमें संयुक्त तटीय रडार निगरानी शामिल है और मॉरीशस हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित दो **उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH)-Mk III** और एक डोर्नियर Do-228 विमान संचालित करता है।
  - मॉरीशस के पास भारत के गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना के हिंद महासागर क्षेत्र के लिये सूचना संलयन केंद्र में एक अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी है।
- **INS सर्वेक्षक:** यह **कोच्चि** स्थित एक हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण जहाज़ है, जो उन्नत सर्वेक्षण उपकरणों से सुसज्जित है और **इसने श्रीलंका, सेशेल्स और तंज़ानिया** में सर्वेक्षण किया है।

//




**और पढ़ें:** भारत-मॉरीशस संयुक्त व्यापार समिति

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mauritius-hydrographic-survey